**अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न**

**तथ्य-पत्रक**

**अप्रैल 2019**




# सिविक लिंक परिसर विकास नियंत्रण योजना का मसौदा

## सिविक लिंक क्या है और DCP का मसौदा महत्वपूर्ण क्यों है?

सिविक लिंक एक महत्वपूर्ण शहर-निर्माण योजना है, जिसमें पैरामाटा स्क्वेयर को पैरामाटा नदी से जोड़ने वाला एक नया पदमार्ग बनाया जाएगा। शहर में वृद्धि और परिवर्तन होने के साथ-साथ सिविक लिंक को सार्वजनिक परियोजनाओं और निजी विकास के साथ साझेदारी में उपलब्ध कराया जाएगा।

DCP का मसौदा एक आवश्यक नियोजन उपकरण है, जो सिविक लिंक के लिए स्थान सुरक्षित करने के लिए स्थलों के पुनर्विकास का निर्देशन करेगा, और इस प्रकार भूस्वामियों और समुदाय को निश्चितता मिलेगी। यह तभी प्रभावी होगा जब भूस्वामी अपनी संपत्तियों को संशोधित या विकसित करने का विकल्प चुनेंगे।

## सिविक लिंक को कैसे और कब उपलब्ध कराया जाएगा?

शहर में वृद्धि होने के साथ-साथ सिविक लिंक को चरणों में उपलब्ध कराया जाएगा। सिविक लिंक के कुछ हिस्से पुनर्विकास के तहत पूरे किए जाएँगे और अन्य हिस्सों को न्यू म्यूज़ियम और पैरामाटा स्क्वेयर जैसी प्रमुख परियोजनाओं के साथ उपलब्ध कराया जाएगा।

## क्या नए DCP की वजह से संपत्ति-स्वामियों या किरायेदारों को जगह बदलने की ज़रूरत होगी?

DCP का मसौदा भवनों या भूमि के उपयोग में किसी भी परिवर्तन को आरंभ नहीं करेगा, बल्कि यह तब इनके पुनर्विकास का निर्देशन करेगा जब भूस्वामी अपनी संपत्तियों को संशोधित या विकसित करने का चयन करेंगे। संपत्ति-स्वामी अपनी भूमि के नियंत्रण में रहते हैं और यदि वे चाहें तो इसमें बदलाव न करने का विकल्प चुन सकते हैं।

## DCP का मसौदा क्या करता है?

DCP का मसौदा यह दर्शाता है कि भविष्य के भवन सिविक लिंक के आकार को कैसे परिभाषित करेंगे और आस-पास की आवाजाही कैसे काम करेगी। यह नए सार्वजनिक खुले स्थानों, सड़कों और लेनवे की पहचान करता है; संपत्ति तक पहुंचने का रास्ता और उसकी मरम्मत करने का मार्गदर्शन करता है; भविष्य के भवनों द्वारा सार्वजनिक स्थानों के साथ तालमेल बैठाने के तरीके का वर्णन करता है; और भविष्य के निर्माण की रूपरेखा देता है। नए सिविक लिंक को सक्रिय और जीवंत बनाए रखने के लिए लोगों को चलने-फिरने, उठने-बैठने, मेल-मुलाकात करने और महत्वपूर्ण रूप से हमारे शहर के खूबसूरत केंद्र का आनंद उठाने के अवसरों को सुनिश्चित करने में DCP एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## क्या DCP में भवनों के आस-पास छोड़ी जाने वाली जगह (सेटबैक) और भूमि-समर्पण पहले से कुछ अलग होगा?

भवनों के आस-पास छोड़ी जाने वाली जगह (बिल्डिंग सेटबैक) और सार्वजनिक भूमि समर्पण पुनर्विकास प्रक्रिया का एक सामान्य हिस्सा हैं। DCP का मसौदा कुछ स्थलों से ज़रूरी सार्वजनिक योगदान के बारे में एक स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करता है, जिससे पुनर्विकास के कुछ मूल्य वापस जनता तक पहुंचाए जा सकते हैं। स्थिति और कार्यनीतिक उद्देश्यों के आधार पर ये आवश्यकताएं हरेक स्थल के हिसाब से अलग-अलग होती हैं।

## भूस्वामियों के लिए भूमि-संयोजन का क्या अर्थ है?

वाणिज्यिक कोर में स्थित सिविक लिंक से लगे हुए स्थलों का विकास करते समय कई मुद्दों पर विचार करना होगा। इसमें उन स्थलों की भूमि का माप और आकार, विरासती भवनों के आस-पास की जगह की आवश्यकताएँ, पुनर्विकास के मूल्य में योगदान देने वाली वाणिज्यिक मंजिलों के परिमाप और इस संदर्भ में भवनों के उपयुक्त स्वरूप शामिल हैं। DCP का मसौदा इन मुद्दों के लिए सबसे अच्छा समाधान देने वाली भविष्य की विकास-व्यवस्था को दर्शाता है। भूस्वामी अपनी भूमि का नियंत्रण करते हैं और भूमि-संयोजन का चयन कर सकते हैं, स्थलों को स्वयं विकसित कर सकते हैं या फिर अपनी संपत्ति को विकसित न करने का फैसला ले सकते हैं। काउंसिल आवश्यकतानुसार भूस्वामियों के विशिष्ट स्थलों से जुड़े अवसरों और बाधाओं के बारे में उन्हें सलाह दे सकती है।

## क्या सिविक लिंक उपलब्ध कराने के लिए काउंसिल अनिवार्य रूप से भूमि का अधिग्रहण करेगी?

नहीं। भूस्वामियों का अपनी संपत्तियों पर नियंत्रण रहेगा।

## विकल्प स्थलों का क्या अर्थ है?

सिविक लिंक से लगे कुछ स्थल भूमि के परिमाप और आकार, अपने बगल में स्थित विरासती भवनों, तथा पहुंच और संचालन प्रदान करने की आवश्यकताओं और सीबीडी में होने वाले परिवर्तनों के कारण स्वाभाविक रूप से सीमित हैं। सीबीडी का केंद्र एक व्यस्त जगह बन जाएगा, क्योंकि पदयात्री और भी अधिक सँख्या में लाइट रेल, भविष्य की मेट्रो और मौजूदा भारी रेल परिवहन विकल्पों का लाभ उठा पाएँगे। जैसा कि होता है, उस समय पदयात्रियों की आवाजाही के कारण आस-पास और भी अधिक सार्वजनिक स्थानों की आवश्यकता होगी। विकल्प स्थलों के विकास को देखते हुए DCP इन स्थलों के लिए दो अलग-अलग निष्कर्ष उपलब्ध करा सकती है। एक विकल्प यह है कि भूस्वामी अपने स्थलों का पुनर्विकास करने का प्रस्ताव दें, जिसके परिणामस्वरूप DCP नियंत्रणों का अनुपालन करने वाला एक भवन बनाया जा सके। इन स्थलों के लिए एक दूसरा विकल्प यह है कि भूस्वामी काउंसिल के साथ बातचीत करें, जिससे काउंसिल इन स्थलों पर सार्वजनिक स्थान बना सके। काउंसिल सकारात्मक और समान परिणाम प्राप्त करने के लिए भूस्वामियों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि एक सकारात्मक सार्वजनिक लाभ प्रदान किया जा सके।

## विकल्प स्थलों के बारे में काउंसिल क्या प्रतिक्रिया चाहती है? इन स्थलों के भूस्वामियों को कब तक इस बारे में अपना निर्णय लेना होगा?

काउंसिल सार्वजनिक प्रदर्शन अवधि के एक हिस्से के रूप में विकल्प स्थलों के भूस्वामियों के विचार जानने के लिए इच्छुक है। विकल्प स्थल DCP में शामिल रखे जाएँगे, ताकि यदि भूस्वामी अपने स्थलों का पुनर्विकास करने का चयन करें तो उन्हें अपनी ज़रूरतों पर विचार करने के लिए लोचनीयता मिल सके।

## DCP पर मेरा क्या प्रभाव पड़ सकता है?

सिविक लिंक को उपलब्ध कराने के लिए DCP सबसे पहला कदम है। काउंसिल सभी प्रतिक्रियाएँ सुनने के लिए इच्छुक है और DCP के अंतिम सँस्करण को मजबूत बनाने हेतु समुदाय के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक लिंक को उपलब्ध कराया जा सके।

## सिविक लिंक के लिए आगे क्या होने वाला है और मैं इसमें कैसे शामिल हो सकता/सकती हूँ?

आप CBD सिविक लिंक परिसर के ब्लॉक 1, 2 और 4 पर लागू होने वाले DCP के मसौदे के लिए **गुरुवार 16 मई 2019** तक अपनी प्रतिक्रिया जमा कर सकते/सकती हैं। DCP 3 के मसौदे पर प्रतिक्रिया देने के अवसर जल्द ही उपलब्ध होंगे। चार अलग-अलग ब्लॉकों के लिए योजनाओं के विकसित होने के साथ-साथ काउंसिल सिविक लिंक सार्वजनिक क्षेत्र को डिज़ाइन करने में मदद करने के लिए समुदाय से प्रतिक्रियाओं और विचारों की माँग करेगी।

## मैं सिविक लिंक DCP के लिए अपनी प्रतिक्रिया कैसे जमा कर सकता/सकती हूँ?

**डाक से अपनी प्रतिक्रिया यहाँ भेजें:**
Chief Executive Officer
City of Parramatta Council
PO Box 32, Parramatta NSW 2124
सेवा में: City Transformation Team
विषय: Draft Civic Link Precinct DCP

**ईमेल से अपनी प्रतिक्रिया यहाँ भेजें:**
CityTransformation@cityofparramatta.nsw.gov.au

**फैक्स से अपनी प्रतिक्रिया यहाँ भेजें:** (02) 9806 5913

**सभी प्रतिक्रियाएँ 4:30pm, गुरूवार 16 मई 2019 तक मिल जानी चाहिए। और अधिक जानकारी के लिए काउंसिल से नंबर (02) 9806 5050 पर संपर्क करें।**

## मुझे सिविक लिंक के बारे में और अधिक जानकारी कैसे मिल सकती है?

**काउंसिल की वेबसाइट पर लॉग ऑन करें:**
cityofparramatta.nsw.gov.au/news

**सिविक लिंक परिसर DCP का मसौदा देखें**
City of Parramatta Council Administration Building
Ground Floor, 126 Church Street, Parramatta
**सोमवार-शुक्रवार 8:30am-5pm**

**City of Parramatta Library**
1-3 Fitzwilliam Street, Parramatta NSW 2150
**सोमवार-शुक्रवार 9:30am-8pm, शनिवार 9:30am-4pm, रविवार 2-5pm**

**समय नियुक्त किए बिना एक सत्र में भाग लें**
**शुक्रवार 3 मई 2019 12-2pm**
**शनिवार 4 मई 9-11am**
Parramatta Town Hall
Centenary Square
182 Church Street Parramatta NSW

CITY OF PARRAMATTA